राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 139/2024

अपनी मेधा का उपयोग समाज के हित में करें –राज्यपाल

पटना, 13 जुलाई, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार विधान परिषद् सभागार, पटना में 'अवसर' ट्रस्ट के मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज सम्मानित होनेवाले बच्चे काफी मेधावी व प्रतिभाशाली हैं और उन्हें आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि वे अपनी मेधा का उपयोग समाज के हित में करें तथा समाज के निचले स्तर के लोगों के उत्थान के लिए प्रयास करें। वे समाज के सहयोग से ही सफल हुए हैं।

राज्यपाल ने उन बच्चों से कहा कि वे समाज के लिए कार्य करते रहें। कर्म करते रहना हमारा अधिकार है। हमारे कार्य की ओर किसी की दृष्टि जाए या नहीं, परन्तु ईश्वर उसे देखते हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की उक्ति का उद्धरण देते हुए कहा कि उनकी पूरी प्रतिभा समाज के लिए है।

राज्यपाल ने उनसे कहा कि वे चाहे सफलता की जिस ऊँचाई तक पहुँच जायें, परन्तु अपने माता–पिता, अभिभावक और परिवार को कभी मत भूलें। अभिभावक स्वयं अभाव में रहकर बच्चों को उनकी जरूरतें पूरी करते हैं।

उन्होंने कहा कि मेधा की अनदेखी नही की जा सकती है। आनेवाला समय हमारे बच्चों और युवाओं का है। उनकी मेधा और परिश्रम से वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा।

उल्लेखनीय है कि इन बच्चों के अभिभावकों की आर्थिक स्थिति अच्छी नही है और वे अवसर ट्रस्ट के सहयोग से आई०आई०टी० जैसे उच्चस्तरीय संस्थानों के लिए चयनित हुए हैं। राज्यपाल ने कहा कि ये बच्चे हमारे राज्य एवं देश की संपत्ति हैं तथा अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत भी हैं।

कार्यक्रम को बिहार विधान परिषद् के माननीय कार्यकारी सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ० के०सी० सिन्हा, राज्यसभा के पूर्व सदस्य एवं अवसर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ० आर०के० सिन्हा एवं निदेशक श्री रजनीकांत श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर अवसर ट्रस्ट के सी०ई०ओ० इंजीनियर अनुरंजन श्रीवास्तव, बी०डी० कॉलेज, पटना के पूर्व प्राचार्य डॉ० निर्मल कुमार श्रीवास्तव, विद्यार्थीगण, अभिभावकगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

……………………………………….